कार्यालय अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्र सं0:400 / शैक्षिक / द्वि.श.प. / 2021 दिनांकः 26 / 10 / 2021

:: सूचना ::

द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत् बी0टेक0 छात्रों के शाखा परिवर्तन सम्बन्धी

विश्वविद्यालय के बी0टेक0 अध्यादेश के अनुरूप बी0टेक0 प्रथम वर्ष में शैक्षिक सत्र 2020–21 में प्रवेश प्राप्त छात्र / छात्राओं को बिना कैरीओवर के बी0टेक0 प्रथम वर्ष की परीक्षा विगत शैक्षिक वर्ष में उत्तीर्ण कर द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत् होने पर उनके बी0टेक0 प्रथम वर्ष के प्राप्तांक के आधार पर शाखा अन्तर परिवर्तन अनुमन्य किया जाना है। इस सन्दर्भ में बी0टेक0 अध्यादेश में की गई व्यवस्था निम्नवत है :

B.Tech. Ordinance Point No. 6.2

Change in Branch shall be allowed in the second year (III semester) on the basis of (a) performance in B.Tech. First year (both semester) (b) candidate's alloted category and (c) branch choice preferences to those who pass without any carryover subject to the guidelines prescribed by UP State Government.

B.Tech. Ordinance Point No. 6.4

A candidate admitted under Tuition Fee-Waiver (TFW) & Economically Weaker Section (EWS) category shall be eligible for branch change only in Fee Waiver & EWS category, respectively.

यह शाखा परिवर्तन किसी शाखा विशेष में उस सीमा तक अनुमन्य होगा जिससे कि उस शाखा विशेष में शेष रह गये छात्रों की संख्या प्रवेशित छात्रों की संख्या के 75 प्रतिशत से न्यून न हो। साथ ही शेष बचे छात्रों की संख्या अभातशिप द्वारा स्वीकृत प्रवेश क्षमता के 50 प्रतिशत से कम नहीं होगी। शाखा परिवर्तन प्रथम वर्ष के परफार्मेन्स के आधार पर आंवटित होंगी।

विभिन्न शाखाओं के अन्तर्गत संवर्ग विशेष में वर्तमान में उपलब्ध रिक्तियों (दिनांक 26.10.2021 को आधार मानते हुये) का विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0सं0	शाखा / संवर्ग	सामान्य	सामान्य (EWS)	अन्य पिछड़ा	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	योग
1	BE	05	-	-	-	-	**05**
2	CE	02	01	-	-	-	**03**
3	CH	-	-	-	01	-	**01**
4	CSE	02	-	-	-	-	**02**
5	EE	04	-	-	-	-	**04**
6	ET	01 + 01 (FW)	-	-	-	-	**02**
7	FT	01	-	-	-	-	**01**
8	IT	01	-	01	02	-	**04**
9	LT	03	-	-	-	-	**03**
10	ME	04	-	-	-	-	**04**
11	OT	01	-	-	-	-	**01**
12	PT	04	-	-	-	-	**04**
13	PL	-	-	-	-	-	**00**
	योग	**29**	**01**	**01**	**03**	**-**	**34**

उक्त रिक्तियॉ एक्स स्टूडेन्ट एवं विगत शैक्षिक सत्र अथवा उससे पूर्व के छात्रों के पुर्नप्रवेश से परिवर्तित हो सकती है। छात्रों को शाखा परिवर्तन अनुमन्य किये जाने के कारण उपरोक्त इंगित रिक्तियों में अभिवृद्वि, उन शाखा सह संवर्गो में भी हो सकती हैं, जिनमें रिक्तियॉ इंगित नहीं है।

अतः छात्र उस समस्त शाखाओं जिसमें वह शाखा परिवर्तन के इच्छुक हों, का विकल्प अपने आवेदन में उल्लिखित शाखा वरीयता में अवश्य इंगित करें। शाखा वरीयता के सन्दर्भ में छात्र का शाखा परिवर्तन विचारणीय नहीं होगा। शाखा परिवर्तन पूर्णतः प्रोविजनल आधार पर किया जायेगा, जिस पर कुलपति महोदय का पूर्णाधिकार होगा, जिससे अनुमन्य किया गया शाखा परिवर्तन बदला या वापस लिया जा सकता है।

इच्छुक छात्र अपना आवेदन दिये गये गूगल फार्म के लिंक https://forms.gle/4RqgC5wChRgugMFn7 के माध्यम से विलम्बतम् दिनांक अक्टूबर 30, 2021 (शनिवार) तक प्रस्तुत करेंगें। निर्धारित तिथि के पश्चात् शाखा परिवर्तन का कोई आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

शाखा परिवर्तन के लिये आवेदन करने वाले छात्रों की सूची मय उनके प्राप्तांक एवं विकल्प के विवरण सहित छात्रों के सन्दर्भ के लिये अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप के सूचना पटट् एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hbtu.ac.in पर दिनांक 01/11/2021 (सोमवार) सायं 05:00 बजे प्रदर्शित कर दी जायेगी। आवेदक छात्र के प्राप्तांक के सन्दर्भ में किसी भी त्रुटि को आवेदक सहित किसी भी छात्र द्वारा इंगित करना हो तो वह दिनांक 02/11/2021 (मंगलवार) को अपरान्ह 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी को इसका लिखित प्रत्यावेदन दे सकता है।

दिनांक 08/11/2021 (सोमवार) को अपरान्ह 04:00 बजे तक छात्रों के आवेदन के आधार पर अनुमन्य किये गये शाखा परिवर्तन का आदेश अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप के सूचना पटट् एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया जायेगा।

शाखा परिवर्तन का आवेदन करने के उपरान्त उसे वापस लेने या विकल्प में परिवर्तन करने इत्यादि का कोई भी अनुरोध किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगा। छात्र के आवेदन के आधार पर आवंटित परिवर्तित शाखा में अध्ययन करना अनिवार्य होगा। अतः सभी छात्र / छात्राओं से अपेक्षा है कि शाखा परिवर्तन सम्बन्धी आवेदन पूर्ण रूप से विचार करने के उपरान्त ही प्रस्तुत करें, साथ ही बी0टेक0 प्रथम वर्ष में प्रवेश के समय छात्र अपनी Alloted Category का भी प्रमाण संलग्न करें।

26.10.21

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवशयक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. सिस्टम मैनेजर. एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
2. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कैम्प, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. श्री राजीव त्रिपाठी, पटल सहायक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप